भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2985
दिनांक 10 मार्च, 2026 के लिए प्रश्न

राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत सृजित आजीविका के अवसर

2985. श्री परिमल शुक्ला बैद्यः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) असम और कछार जिले के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) के अंतर्गत सरकार द्वारा सृजित आजीविका के अवसरों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कछार जिले को एनएलएम के अंतर्गत ऊंटों, घोड़ों और गधों को शामिल करने से लाभ हुआ है;

(ग) एनएलएम के अंतर्गत असम और कछार जिले में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्व-सहायता समूह के लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(घ) असम और कछार जिले में पशुधन बीमा कवरेज को 0.98 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) असम राज्य सरकार के अनुसार, राष्ट्रीय पशुधन मिशन के माध्यम से कछार जिले में निम्नलिखित आजीविका का सृजन किया गया है:

क्र. सं.	**घटक**	**लाभार्थियों की संख्या**	**टिप्पणी**
1	वैज्ञानिक उत्पादन बकरी पालन पोल्ट्री पालन सूअर पालन	120 लाभार्थी 120 लाभार्थी 120 लाभार्थी	कुल 360 लाभार्थी
2	किसानों की भूमि पर चारा उत्पादन	200 लाभार्थी	कुल 200 लाभार्थी
3	किसानों और ग्रामीण युवाओं के लिए पशुधन आहार और चारा पर जागरूकता कार्यशाला	100 कार्यशाला	कुल 100 लाभार्थी
4	क्लस्टर/स्वयं सहायता समूहों को 20 इकाइयों के लिए बकरी उपलब्ध कराना	200 लाभार्थी	कुल 200 लाभार्थी

	(1 इकाई = 10 लाभार्थी, 10 बकरियां और 1 बकरा)		
5	4 सप्ताह की आयु के कम इनपुट तकनीक (LIT) पक्षियों का वितरण, 150 लाभार्थियों को 50 पक्षी प्रति इकाई	150 लाभार्थी	कुल 150 लाभार्थी

NLM -EDP के अंतर्गत, कछार जिले सहित असम राज्य में अनुमोदित परियोजनाएं अनुबंध - I में दी गई हैं।

(ख) वर्तमान में, असम राज्य के कछार जिले में NLM में ऊंट, घोड़े और गधों की कोई अनुमोदित परियोजना नहीं है।

(ग) NLM के अंतर्गत कछार जिले सहित असम राज्य में कोई भी महिला नेतृत्व वाला SHG लाभार्थी नहीं है। हालांकि, राज्य सरकार के अनुसार, कछार जिले में महिला नेतृत्व वाले SHG लाभार्थी की संख्या 313 है और पूरे असम में 520 है।

(घ) पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) के अंतर्गत पशुधन बीमा योजना को देश के सभी जिलों में क्रियान्वित कर रहा है। कवरेज बढ़ाने के उद्देश्य से, पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार ने सभी पशुओं के लिए प्रति परिवार सब्सिडी लाभ को 5 गोपशु इकाई से बढ़ाकर 10 पशु इकाई कर दिया है, सिवाय सूअरों और खरगोशों के, जहां यह सीमा 5 गोपशु इकाई है (1 गोपशु इकाई 10 छोटे पशुओं के बराबर है)। भुगतान क्षमता में सुधार लाने के लिए, बीमा प्रीमियम में किसान की हिस्सेदारी को सरल बनाया गया है और पहले के 20 से 50% के दायरे से घटाकर एक समान 15% कर दिया गया है। शेष 85% प्रीमियम का निधियन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है (राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में और हिमालयी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के लिए 90:10 के अनुपात में)। राज्य सरकार के अनुसार, पशुधन बीमा के लाभ के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। किसानों/पशु मालिकों के लिए पशुधन बीमा कवरेज बढ़ाने के लिए पशु चिकित्सा अधिकारियों और फील्ड स्टाफ के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अनुबंध-I

जिला	अनुमोदित परियोजना	कुल परियोजना लागत (लाख रु. में)	अनुमोदित सब्सिडी (लाख रु. में)	प्रथम किस्त प्राप्त करने वाले आवेदकों की संख्या ,	जारी की गई प्रथम किस्त की राशि (लाख रुपये में)	द्विवितीय किस्त प्राप्त करने वाले आवेदकों की संख्या	जारी की गई द्विवितीय किस्त की राशि (लाख रुपये में)	जारी की गई कुल सब्सिडी (लाख रुपये में)	लाभान्वित किसानों की संख्या
बक्सा	1	22.2905	10	0	0	0	0	0	10
बिस्वनाथ	1	37.986	15	0	0	0	0	0	10
बोंगाईगांव	4	175.112	85	2	30	0	0	30	6
कछार	**2**	**37.94125**	**13.4935**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**3**
चिरांग	1	64.05	30	1	15	1	15	30	100
दरांग	2	121.028	52.619	1	21.585	0	0	21.585	15
गोलाघाट	2	118.295	54.2	1	2.1	0	0	2.1	32
हैलाकांडी	1	105.135	49.80006	0	0	0	0	0	10
जोरहाट	1	25.112	10	1	5	0	0	5	50
कामरूप	6	561.678	218.61653	5	96.73476	0	0	96.73476	305
कामरूप मेट्रो	1	37.933	15	1	7.5	0	0	7.5	17
करीमगंज	1	56.2345	22.72725	1	11.36362	0	0	11.36362	40
कोकराझार	1	79	30	1	15	1	11.83	26.8343	45
लखीमपुर	1	73.7342	30	1	15	0	0	15	200
मारीगांव	2	160.009	69.7625	1	19.88125	0	0	19.88125	8
नागांव	6	562.4305	236.02494	3	67.756875	1	17.76	85.513745	156
नलबाड़ी	3	105.2875	45	0	0	0	0	0	75
शिवसागर	1	85	37.5	1	18.75	0	0	18.75	6
सोनितपुर	1	105.135	50	1	25	0	0	25	52
तिनसुकिया	2	92.1861	34.7254	2	17.3627	0	0	17.3627	60
कुल योग	**40**	**2625.58**	**1109.47**	**23**	**368.03**	**3**	**44.59**	**412.63**	**1200**